बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-423
30/08/2021

# मुख्यमंत्री ने श्री देवेन्द्र झाझरिया को टोक्यो पैरालंपिक 2020 के जैवलिन थ्रो F46 कैटेगरी में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 30 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने श्री देवेन्द्र झाझरिया को टोक्यो पैरालंपिक 2020 के जैवलिन थ्रो F46 कैटेगरी में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैवलिन थ्रो में श्री देवेन्द्र झाझरिया के रजत पदक जीतने पर पूरा देश गौरवान्वित है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुॅचाया है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******